DAINIK BHASKAR, Surat, 8.3.2021
Page No. 2, Size:(12.09)cms X (17.29)cms.

बुलेट ट्रेन: 11 ब्रिज के लिए चार कंपनियों ने लगाई बोली

वापी से वडोदरा तक के रूट में बनेंगे ये 11 पुल

ट्रांसपोर्ट रिपोर्टर | सूरत

चार निर्माण कंपनियों ने जॉइंट कंसोर्टियम के तहत 508.17 किलोमीटर मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड बुलेट रेल परियोजना में 4 प्रीस्ट्रेस्ड कंक्रीट (पीएससी) और 7 स्टील ब्रिज बनाने के लिए बोली लगाई है। ये ब्रिज बुलेट ट्रेन के सी-4 पैकेज में 47 प्रतिशत हिस्से यानी वडोदरा-सूरत -वापी 237 किमी रूट में हैं। इस पैकेज के सभी 11 पुल बुलेट ट्रेन रूट निर्माण का ठेका पाने वाली लार्सन एंड टुब्रो के निर्माणाधीन 237.1 किमी के पैकेज सी-4 पैकेज के अनुरूप हैं। यह गुजरात के वापी, बिलिमोरा, सूरत और भरूच में 4 स्टेशनों के साथ बुलेट परियोजना का सबसे लंबा सेक्शन है।

कंपनियों ने लगाई बोली

- जीआरईएल-जीपीटी
- केईसी-सैम इंडिया
- एमजी कॉन्ट्रैक्टर्स प्रा. लिमिटेड
- रणजीत बिल्डकॉन लिमिटेड

ऐसे होगा रूट का निर्माण

बुलेट ट्रेन के अधिकतम रूट को वायडक्ट द्वारा कवर किया जाएगा। कई स्थानों पर बुलेट ट्रेन रूट का वायडक्ट (487 किमी) राष्ट्रीय राजमार्गों, डीएफसी भारतीय रेलवे ट्रैक्स और नदियों पर होकर गुजरेगा। अधिकांश वायडक्ट कंक्रीट (पीएससी बॉक्स, गर्डर) से बनेंगे। हालांकि जहां स्पान की आवश्यकता 60 मीटर से अधिक होगी वहां स्टील सुपरस्ट्रक्चर की योजना बनाई गई है। क्योंकि एक बिंदु से परे पीएससी भारी हो जाती है।